डिजीटल पत्र
दैनिक
# कांग्रेस दर्पण
पटना, 25 नवंबर, शनिवार, 2023
बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवादल सदाकत आश्रम पटना - 10


# किसी की मुस्कुराहटों पे हो निसार



# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के बेटे को लेकर दिया बड़ा बयान

संवाददाता ।कांग्रेस दर्पण

छत्तीसगढ़। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर जमकर निशाना साधा है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के 'सोनिया गांधी अपने बेटे को पीएम बनाना चाहती है और सीएम गहलोत अपने बेटे को सीएम बनाना चाहते हैं' वाले बयान पर ने कहा कि वो अपने बेटे के लिए सोच रहे हैं। उनके बेटे में कौन सी योग्यता है, जिसे उन्होंने बीसीसीआई सचिव बनाकर रखा है। दूसरों के बेटे के बारे में क्यों बोलते हैं, अपने बेटे के बारे में बताओ कि उसमें कौन सी योग्यता है।



पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह ने अधिक सीट लाने के दावे पर मुख्यमंत्री भूपेश ने तंज कसा है। उन्होंने कहा कि जब उनकी लोकप्रियता चरम पर थी, तब उन्होंने 52 से 55 सीट के ऊपर नहीं पहुंचे, तो फिर अब कहां से ला पाएंगे। सीएम ने कहा कि रमन सिंह अपने कार्यकर्ताओं का ढांढस बंधाए रखने के लिए कह रहे हैं। ऐसा 3 दिसंबर तक कहते रहेंगे।

वही सीएम भूपेश बघेल ने डॉ. रमन सिंह के डीए बढ़ाए जाने के लिए पत्र लिखे जाने पर तंज कसते हुए कहा कि वे आज डीए बढ़ाने के लिए पत्र लिख रहे हैं। रेलवे के लिए पत्र क्यों नहीं लिखते हैं। इतनी ट्रेनें रद्द हो रही हैं, समय पर नहीं चल रही हैं। उन्होंने कहा कि रेलवे में नौकरी के लिए भी उन्हें पत्र लिखना चाहिए।

# बगहा कांग्रेस कमिटी ने की बगहा से राजधानी पटना तक सीधी रेल सेवा की मांग

संवाददाता ।कांग्रेस दर्पण


दिनांक 24 नवंबर 23 को बगहा कांग्रेस कमिटी द्वारा बगहा से राजधानी पटना तक सीधी रेल सेवा की मांग को लेकर बगहा विधानसभा के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी जयेश मंगल सिंह उर्फ जय सिंह जी के नेतृत्व में भैरोगंज बाजार में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया।

कार्यक्रम का अध्यक्षता बगहा नगर अध्यक्ष तुफैल अहमद ने किया बगहा विधानसभा के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी जयेश मंगल सिंह उर्फ जय सिंह जी ने बताया कि बगहा पुलिस जिला विहार के पश्चिमी उत्तर छोर पर उतर प्रदेश एवं नेपाल से जुड़ा हुआ अंतिम पुलिस जिला है यहां से विहार की राजधानी पटना के लिए अभि कोई ट्रेन नहीं है।

इस कारण बगहा पुलिस जिला के लोगों को व्यापार, बच्चों की शिक्षा एवं विमारों के इलाज हेतु राजधानी पटना जाने के लिए घोर कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। पूर्व में गोरखपुर से बगहा हो कर हाजीपुर तक चलने वाली ट्रेन को रेलवे द्वारा बन्द कर दिया गया है। रेल सेवा उपलब्ध नहीं होने से क्षेत्रवासियों को ईलाज कराने के लिए दुसरे राज्यों की स्वास्थ्य सेवाओं पर निर्भर रहना पड़ता है।

वहीं अगर पटना तक सीधी रेल सेवा उपलब्ध रहता तो समय की बचत, मानसिक तनाव और आर्थिक बोझ नही पड़ता। कार्यक्रम मे दिनेश यादव,जय प्रकाश यादव, भुनेश्वर मिश्रा,हिदृया गोंड, भुवाल यादव, मुकेश प्रसाद, संतोष कुमार यादव, टिंकू मियां, हेमराज प्रसाद ,चन्दा राम, वकील यादव वगैरह कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




कांग्रेस
फिर से
राहुल जी
संघर्ष करो
हम आपके
YOU ARE MY
INSPIRATION

# कांग्रेस के पूर्व मंत्री पीसी शर्मा बोले - ED के डर से भारतीय खिलाड़ी फाइनल मैच हार गए



संवाददाता ।कांग्रेस दर्पण

भोपाल। भारतीय क्रिकेट टीम के वर्ल्ड कप में हारने पर सामने आए राहुल गांधी के पनौती वाले बयान से शुरू हुई सियासत बढ़ती ही जा रही है। अब मध्य प्रदेश के पूर्व मंत्री पीसी शर्मा ने इस पर बयान दिया है। उनका कहना है कि भारतीय टीम के खिलाड़ियों को ईडी के छापे का डर था, जिसके के कारण वे मानसिक दवाब में थे। इसीलिए वे फाइनल मैच हार गए। बता दें ऑस्ट्रेलिया के साथ हुए वर्ल्ड कप के फाइनल मुकाबले में इंडियन टीम को हार का सामना करना पड़ा था इसके बाद से राहुल गांधी का पनौती वाला बयान सोशल मीडिया पर ट्रेंड का रहा था।

कांग्रेस नेता ने कहा कि राहुल गांधी ने किसी का नाम नहीं लिया। मैच हारने के पीछे कहीं ना कहीं देश के बड़े नेता जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा कि जब देश के पीएम, गृहमंत्री आपके सामने रहते हैं,तो खिलाड़ियों पर मानसिक दबाव रहता है। गुरुवार को ळ20 मैच था उसमें कोई बड़ा नेता नहीं था इसलिए हम जीत गए क्योंकि कोई दबाव नहीं था। शर्मा ने कहा कि चुनाव आयोग ने नोटिस सरकार के दबाव में दिया है।

बता दें पीसी शर्मा कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं में से हैं। मध्यप्रदेश की कमलनाथ सरकार में वे जनसंपर्क मंत्री भी रहे हैं। विधानसभा चुनाव 2023 में कांग्रेस ने उन्हें भोपाल की दक्षिण पश्चिम विधान सभा सीट से मैदान में उतारा है। शर्मा पूर्व में भी अपने बयानों के कारण चर्चा में रहे हैं।




चिरंजीवी योजना - 50 लाख तक मुफ्त इलाज, भारत की सबसे बेहतरीन योजना!

महात्मा गांधी अस्पताल में लाभार्थी मरीज़ और उनके परिवार खुद इस बात पर मुहर लगा रहे हैं।

मोदी जी, इसे कहते हैं गारंटी - तकलीफ में सहारा बनने, कंधे से कंधा मिला कर चलने की।

देखना हो तो कभी आइए म्हारे राजस्थान!

## राजस्थान के दिल से निकली हर बात को हमने सुना और समझा - कांग्रेस की हर गारंटी आपकी समस्याओं का समाधान है

राजस्थान ने पूछा, क्या हमारी सरकार महंगे से महंगे इलाज का खर्चा उठा सकती है
✅ चिरंजीवी योजना में 50 लाख तक के मुफ्त इलाज की गारंटी हर चिंता का अंत करेगी

किसान मूल से नहीं ब्याज से मात खाता है
✅ इसलिए, हमने 2 लाख तक ब्याज मुक्त कर्ज़ की गारंटी दी

राजस्थान की माताओं और बहनों को किसी के आगे हाथ नहीं फैलाना पड़ेगा
✅ ₹10,000/वर्ष के समर्थन की हमारी गारंटी और सस्ते गैस सिलेंडर हर घर में बचत का साधन बनेंगे

अंग्रेज़ी स्कूल में पढ़ना अब गरीब बच्चों का सपना नहीं, हक़ीक़त बन रहा
✅ राजस्थान के हर बच्चे को अंग्रेज़ी माध्यम स्कूल में मुफ्त शिक्षा मिलेगी

कॉलेज के छात्रों को डिजिटल वर्ल्ड से ङ्कल्लल्ली३ करना सिर्फ़ माता पिता की ज़िम्मेदारी नहीं
✅ फ्री लैपटॉप/टैबलेट आज ज़रूरत है, जिसे सरकार पूरा करेगी

कांग्रेस ने राजस्थान में जो काम शुरू किया, फिर से सरकार बना कर उसे डबल रफ़्तार से आगे बढ़ाएंगे - जो गारंटी दी हैं, उसे पूरा कर के दिखा देंगे।

# तेलंगाना के लिए कांग्रेस की 6 गारंटी

1. महालक्ष्मी योजना

☆ हर माह महिलाओं को 2,500 रुपए

☆ राज्य में महिलाओं के लिए फ्री बस यात्रा

☆ 500 रुपए में रसोई गैस सिलेंडर

2. रायथु भरोसा

☆ किसानों को 15,000 रुपए प्रति एकड़ सालाना

☆ खेतिहर मजदूरों को 12,000 रुपए सालाना

☆ धान के लिए 500 रुपए/क्विंटल का बोनस

3. युवा विकासम

☆ छात्रों की शिक्षा के लिए 5 लाख रुपए का विद्या भरोसा कार्ड

☆ राज्य के हर मंडल में तेलंगाना इंटरनेशनल स्कूल

4. इंदिरा अम्मा इंदलू

☆ राज्य में आवास विहीन लोगों के घर के लिए जमीन और 5 लाख रुपए की सहायता

☆ तेलंगाना आंदोलन में शामिल कार्यकर्ताओं के लिए 250 वर्ग गज भूमि

5. गृह ज्योति

☆ हर घर को 200 यूनिट फ्री बिजली

6. चेयुथा

☆ बुजुर्गों को 4,000 रुपए प्रति माह पेंशन

☆ 10 लाख रुपए का राजीव आरोग्य श्री बीमा



तेलंगाना में **Priyanka Gandhi Vadra** जी

# सहरसा जिला युवा कांग्रेस कमेटी के जिला कार्यकारिणी की बैठक

संवाददाता । कांग्रेस दर्पण



दिनांक 24-11- 2023 को सहरसा जिला युवा कांग्रेस कमेटी के जिला कार्यकारिणी कि बैठक जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष सह महारस पैक्स अध्यक्ष नीरज कुमार निराला के अध्यक्षता एवं संचालन **NSUI** के राष्ट्रीय संयोजक मनीष कुमार के द्वारा राजेंद्र मिश्र कांग्रेस भवन सहरसा में संपन्न किया गया। जिसमें पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शिव प्रकाश गरीबदास जी एवं बिहार प्रदेश प्रभारी वीरेंद्र सिंह ढिल्लों को आना सुनिश्चित था । किंतु कतिपय कारण से प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रभारी का कार्यक्रम स्थगित हो गया ।

जिसके बाद जिला कार्यकारिणी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष नीरज कुमार निराला ने बताया कि राष्ट्रीय कार्यक्रम बुथ जोड़ो यूथ जोड़ों को पंचायत एवं वार्ड स्तर तक ले जाने को लेकर एवं हर वार्ड से कम से कम 100 सदस्य बनने के संकल्प को लेकर आज जिला कार्यकारिणी का विस्तार एवं प्रखंड कार्यकारिणी का विस्तार किया गया जिसमें जिला उपाध्यक्ष आयुष सिंह ,जिला महासचिव सद्दाम आलम ,संतोष पासवान, विनीत झा, बंटी यादव, मोहम्मद अकरम ,एवं जिला सचिव डेविड यादव, चंदन पासवान ,नवाज अख्तर ,रॉकी कुमार, मुलायम यादव, योगेश शाह ,मोहम्मद अल्ताफ, राजीव शर्मा ,कौशल कुमार, अवधेश कुमार एवं जिला प्रवक्ता अब्दुल बासित और प्रखंड अध्यक्ष बनमा ईटरी मोहम्मद शाहीन आलम, सलखुआ प्रखंड अध्यक्ष नीतीश कुमार, सोनबरसा प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद आकिब इकबाल, शौरबाजार प्रखंड अध्यक्ष अजीत सरकार ,मेहसी प्रखंड अध्यक्ष कृष्ण मोहन शाह ,कहरा प्रखंड अध्यक्ष सोहन कुमार, सिमरी बख्तियारपुर प्रखंड अध्यक्ष प्रेम रंजन कुमार ,पतरघट प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद आशिक, सत्तर कटिया प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार, नोहटा प्रखंड अध्यक्ष बिट्टू गुप्ता ,सहरसा नगर निगम अध्यक्ष रविकांत राजा को नियुक्त किया गया। कार्यक्रम में सम्मिलित बिहार प्रदेश शिक्षक प्रकोष्ठ के महासचिव डॉक्टर संजीव झा ने कहा कि युवा कांग्रेस सहरसा वर्तमान समय में सबसे ऊर्जावान संगठन है वर्तमान समय में भाजपा के फासीवादी ताकत से लोहा लेने का क्षमता सिर्फ युवा कांग्रेस में ही है ,उन्होंने नई कार्यकारिणी को शुभकामनाएं देते हुए बुथ जोड़ो युथ जोड़ो कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील किया ।युवा कांग्रेस के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष मजनू हैदर कैसे ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव को मदे नजर रखते हुए युवा कांग्रेस की टीम सहरसा के सभी प्रखंड एवं पंचायत तक पहुंचेगी ।

इस कार्यक्रम में युवा कांग्रेस के पूर्व लोकसभा अध्यक्ष रामशरण यादव ,इंटक एवं अनुसूचित जाति के जिला अध्यक्ष सतनारायण चौपाल , युवा कांग्रेस के नीतीश यदुवंशी, हैप्पी कुमार , युवा महासचिव सूरज झा ,चंदन यदुवंशी, प्रशांत कुमार, गुड्डू यदुवंशी, सुमन कुमार, सनोज कुमार ,आशेश्वर कुमार ,चंदन कुमार, राजीव कुमार ,शुभम सिंह, मुकेश पासवान, खगेश कुमार, रविकांत यादव, प्रेमकांत कुमार ,रामदेव कुमार, आदि युवा कांग्रेस के साथी उपस्थित थे।

## अनिल कुमार सिंह कुशवाहा एवं मो हलीम ऊर्फ भोला जदयू छोड़ कांग्रेस मे शामिल

संवाददाता । कांग्रेस दर्पण

सदर प्रखंड के बासुदेवपुर निवासी, जदयू नेता अनिल कुमार सिंह कुशवाहा एवं मो हलीम ऊर्फ भोला जदयू छोड़ कांग्रेस पार्टी मे शामिल हो गए। शुक्रवार को ज़िला कांग्रेस कार्यालय मे जिलाध्यक्ष सीताराम चौधरी के नेतृत्व मे दोनो नेताओं ने पार्टी का प्राथमिक सदस्यता ग्रहण किया। इस मौके पर उपस्थित ज़िला उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता मो असलम एवं इंटक नेता संतोष श्रीवास्तव ने दोनों नेताओं का स्वागत करते हुए कहा कि इनके कांग्रेस मे आ जाने से ज़िला कांग्रेस मजबूत होगी।



# कांग्रेस सांसद बी मानिकम की आपत्ति पर लोकसभा सचिवालय सख्त, सार्वजनिक कार्यक्रम में न्योता नहीं दिए को लेकर वित्त मंत्रालय से मांगा जवाब

संवाददाता । कांग्रेस दर्पण

तमिलनाडु के विरुधुनगर से कांग्रेस सांसद बी मानिकम टैगोर को इंडियन ओवरसीज बैंक की ओर से एक कार्यक्रम में निमंत्रण नहीं दिए जाने को लेकर लोकसभा सचिवालय ने वित्त मंत्रालय और वित्त मंत्री के पर्सनल सेक्रेटरी से जवाब मांगा है.



तमिलनाडु के विरुधुनगर से कांग्रेस सांसद बी मानिकम टैगोर ने रविवार को इंडियन ओवरसीज बैंक की ओर से आयोजित एक समारोह में स्थानीय सांसदों को शामिल नहीं किए जाने पर आपत्ति जताई थी. जिसके बाद अब लोकसभा सचिवालय ने वित्त मंत्री के पर्सनल सेक्रेटरी और केंद्रीय वित्त मंत्रालय से जवाब मांगा है. सचिवालय ने इसके लिए दोनों लोगों को 15 दिन का समय दिया है.

दरअसल, बी मानिकम टैगोर ने इस संबंध में लोकसभा के स्पीकर ओम बिरला को पत्र लिखकर आपत्ति जताई थी. लोकसभा स्पीकर को लिखे पत्र में उन्होंने कहा है कि विरुधुनगर क्षेत्र से सांसद होने के बाद भी समारोह के लिए छापे गए निमंत्रण कार्ड पर उनका नाम नहीं छापा गया. इसके साथ-साथ दो अन्य सांसदों, तेनकासी से धनुष एम कुमार, और रामनाथपुरम के सांसद कनि के नवास के नाम भी गायब थे.


‘आयोजकों को निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन करना चाहिए’

उन्होंने पत्र में लोकसभा स्पीकर से इस पूरे मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की थी. मानिकम ने कहा था कि आयोजकों को निर्धारित प्रक्रियाओं को पालन करना चाहिए और क्षेत्र से संबंधित सांसदों को निमंत्रण दिया जाना चाहिए. स्थानीय सांसदों का बहिष्कार केवल लोकतांत्रिक प्रतिनिधित्व के सिद्धांतों का खंडन करता है. यह प्रशासन और सांसदों के बीच आधिकारिक व्यवहार पर समेकित दिशानिर्देशों के भी खिलाफ है.



**तेलंगाना में 54% पिछड़ा वर्ग है लेकिन मात्र 3 ही मंत्री इस वर्ग से क्यों? दलित आदिवासी फण्ड में ग़बन किया, 55 लाख किसान से खाद देने का झूठा वादा किया. BRS, KCR और उनके परिवार ने ख़ुद की तिजोरियाँ भरी**

**कांग्रेस की कर्नाटका सरकार ने आज 6 माह पूरे किए, हर वादा निभाया**







# मैं डॉक्टर अखिलेश प्रसाद सिंह समस्त बिहार वासियों से अपील करता हूं की नफरत को मिटाने के लिए दिल से जोड़े दिल और हाथ से जोड़े हाथ आईए कांग्रेस के साथ

## हर हाथ शक्ति, हर हाथ तरक्की

# देश की पार्टी कांग्रेस पार्टी

## बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवा दल की पहल

### जुड़ें कांग्रेस से, जुड़ें कांग्रेस के फ्रंटल संगठनों से

भाइयों और बहनों

- आइये जुड़े बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी से
- सभी युवा जुड़ें यूथ कांग्रेस से
- बहने एवं महिलाएं जुड़ें महिला कांग्रेस से
- कॉलेज के छात्र-छात्रा जुड़े एन एस यू आई से
- बेरोजगार युवा जुड़े सेवादल यंग ब्रिगेड से
- जुड़ें कांग्रेस पार्टी से
- जुड़े महिला सेवादल से



**प्रोफेसर (डॉ.) संजय कुमार**

अध्यक्ष, बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवा दल
सदाकत आश्रम, पटना

## कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद, बिहार की जनता जिंदाबाद

कांग्रेस महासचिव श्रीमती

**Priyanka Gandhi Vadra**

ने पालकुर्थी, तेलंगाना में विशाल जनसभा को संबोधित किया। तेलंगाना की जनता BRS के भ्रष्टाचार से तंग आ चुकी है। इस सरकार ने गरीब जनता के अधिकारों को छीनकर सिर्फ अपनी तिजोरियां भरी हैं। इसलिए जनता ने ठाना है, तेलंगाना में कांग्रेस को भारी बहुमत से विजयी बनाना है।





# राजस्थान में बदलेगा रिवाज कांग्रेस रचेगी इतिहास




संवाददाता ।कांग्रेस दर्पण

■ देशवासियों की सबसे बड़ी समस्या भाजपा और मोदी हैं। नफरत और उन्माद की पोषक भाजपा विकास और मोहब्बत की दुश्मन है। इसलिए राजस्थान की जनता ने तय किया है कि विकास और खुशहाली की धारा को अविरल रखने के लिए कांग्रेस के साथ चलना है। आज जिन-जिन प्रदेशों में कांग्रेस की सरकार है, वहां की जनता खुश है, क्योंकि सरकार जनता के दुख-दर्द में जनता के साथ खड़ी है। इसके उलट जिन प्रदेशों में भाजपा की सरकार है, वहां के लोग सरकार की नीतियों से त्रस्त हैं, भाजपा शासित प्रदेशों की भ्रष्ट और निकम्मी सरकारों को जनता की जिंदगी से कोई लेना-देना नहीं है।

■ आज राजस्थान में कांग्रेस सरकार विकास और खुशहाली का एक नया इतिहास गढ रही है। बीते पांच सालों में सरकार ने जनता के लिए जो कुछ किया है, वो अन्य राज्यों के लिए एक उदाहरण है। प्रदेश के हर नागरिक को स्वास्थ्य की गारंटी से लेकर किसानों को समर्पित योजनाएं कांग्रेस सरकार के कल्याणकारी विजन का परिणाम है। कांग्रेस ने प्रदेश के हर वर्ग को ध्यान में रखते हुए कई महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक योजनाओं की शुरूआत की है, जिसका लाभ सभी राजस्थानवासियों को बगैर किसी भेदभाव के मिल रहा है। चिरंजीवी योजना तो लाखों लोगों के लिए संजीवनी साबित हो रही है।

■ आज जब मोदी सरकार की निकम्मी नीतियों के कारण बेरोजगारी रिकॉर्ड बना रही है, देश के प्रतिभावान और मेहनती युवा नौकरी के लिए दर-बदर की ठोकरें खाने को मजबूर हैं। महंगाई ने सारे पुराने रिकॉर्ड तोड़ दिये है। ऐसे में कांग्रेस सरकार की योजनाओं से युवा, महिला, मजदूर, किसान समेत सभी वर्गों को सहूलियत मिल रही है, उनका जीवन आसान हो रहा है। कांग्रेस सरकार ने घोषणापत्र के जरिए प्रदेशवासियों से वादा किया है कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार दोबारा बनने के बाद जनता को कई और ऐसी सहूलियत मिलेंगी।

ये राजस्थान की जनता को कांग्रेस की गारंटी है-

- ₹50 लाख 'चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा' की राशि
- जाति आधारित गणना होगी
- 4 लाख सरकारी नौकरियां
- 10 लाख नए रोजगार
- किसानों को 2 लाख तक का ब्याज मुक्त कर्ज
- टरढ के लिए कानून बनेगा
- ₹400 में गैस सिलेंडर

■ कांग्रेस की कथनी और करनी में कोई फर्क नहीं है। कांग्रेस जो कुछ कहती है, उसे पूरा करती है। इसलिए कांग्रेस सरकार की जनहितैषी नीतियों को समर्थन देकर विकास की रोशनी को प्रदेश के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रदेशवासियों का कर्तव्य है। कांग्रेस के प्रति जनता का भरोसा और अमनपसंद लोगों का उत्साह बता रहा है कि अबकि राजस्थान में कांग्रेस की सरकार दोबारा बनेगी और परिवर्तन का रिवाज टूटेगा।